Series SHC/1

Code No. कोड नं. 209/1

Roll No. रोल नं. | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **18** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

CASH MANAGEMENT AND HOUSEKEEPING
(Theory) Paper I
नकदी प्रबंध एवं गृह-संचालन
(सैद्धान्तिक) प्रश्न-पत्र I

Time allowed : 3 hours] *[Maximum Marks: 60*

निर्धारित समय : 3 घण्टे] *[अधिकतम अंक : 60*

General Instructions :

(i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) Marks allotted to questions are indicated against each of them.

*(iii) Questions **1, 2, 3, 4** and **5** are long answer type questions. Their answers should normally not exceed **150** words each.*

*(iv) Questions **6,7,8** and **9** are short answer type questions. Their answers should normally not exceed **70** words each.*

*(v) Questions **10** to **18** are very short answer type questions. Their answers should normally not exceed **30** words each.*

(vi) Be brief and precise in your answers.

सामान्य निर्देश :

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।

(iii) प्रश्न ***1, 2, 3, 4*** *एवं* ***5*** *दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***150*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

(iv) प्रश्न ***6, 7, 8*** *तथा 9 लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***70*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

(v) प्रश्न ***10*** *से* ***18*** *अधिक लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***30*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

(vi) आपके उत्तर संक्षिप्त व सुनिश्चित होने चाहिए।

1. What do you understand by cash management in a bank ? Discuss four rules regarding cash management. 6

Or

How can the soiled and mutilated notes be changed ? Explain the rules prescribed in this regard. Has the number of such notes declined in India during repent years ? If yes, give reasons.

बैंक में नकदी प्रबन्ध से आप क्या समझते हैं? नकदी प्रबन्ध के सम्बन्ध में चार नियमों की विवेचना कीजिए।

अथवा

गन्दे तथा थोड़े कटे-फटे नोटों को किस प्रकार से बदला जा सकता है? इस बारे में लागू नियमों का वर्णन कीजिए। क्या हाल के वर्षों में भारत में ऐसे नोटों की संख्या कम हुई है? यदि हां, तो कारण बताइए।

2. Define a cheque and discuss, its main features. Give specimen of a cheque with special crossing. 6

Or

Distinguish between a Gift Cheque and a Traveller's Cheque and describe their special features.

एक चेक की परिभाषा दीजिए और उसकी प्रमुख विशेषताएं बतलाइए। चेक का एक नमूना बनाइए जिस पर विशेष रेखांकन किया हुआ हो।

अथवा

उपहार चेक तथा यात्री चेक में अन्तर स्पष्ट कीजिए और उसकी खास विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

3. Do banks maintain cash balances with Reserve Bank of India and other banks ? If yes, give reasons. What is meant by 'Money at Call and Short Notice' ? Explain its significance. 6

Or

Give six circumstances in which a banker must refuse payment of a cheque. Can a banker refuse payment of a bank draft ? Give reason.

क्या बैंक भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंकों के पास नकद धन राशि रखते हैं? यदि हां, तो कारण दीजिए। 'मांग व अल्प सूचना पर प्राप्त राशि' से क्या आशय है? इसका महत्व स्पष्ट कीजिए।

अथवा

उन छह परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिनमें एक बैंकर को चेक का भुगतान नहीं करना चाहिए। क्या एक बैंकर एक बैंक ड्राफ्ट का भुगतान करने से मना कर सकता है? कारण दीजिए।

4. What do you understand by periodical balancing of accounts in a bank ? What procedure is followed for this purpose ? Explain its importance. 6

Or

Why should the stock kept in a godown be insured ? Explain the procedure followed while insuring the stock. Discuss the meaning and significance of 'average clause' in the insurance policy.

बैंक के खातों के आवधिक सन्तुलन से आप क्या समझते हैं? इस कार्य के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है? इसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

एक गोदाम में रखे माल का बीमा क्यों करवाना चाहिए? माल का बीमा करवाते समय जो प्रक्रिया अपनाई जाती है, उसका वर्णन कीजिए। बीमा पालिसी में 'औसत वाक्यांश' (average clause) का अर्थ और महत्व बतलाइए।

5. Explain in detail the duties and functions of a godown-keeper in a bank. 6

Or

What points will you take into consideration while checking the medical bills and TA bills of bank employees ? Is it possible to verify the details contained therein? Discuss.

बैंक में गोदाम-रखवार के क्या-क्या कार्य तथा कर्त्तव्य होते हैं? विस्तार से वर्णन कीजिए।

अथवा

बैंक कर्मचारियों के मेडिकल बिलों तथा यात्रा-भत्ता बिलों की जांच-पड़ताल करते समय आप किन-किन बातों पर विचार करेंगे? क्या उनमें दिये ब्यौरे का सत्यापन करना संभव है? विवेचन कीजिए।

6. Who are the parties to a Demand Draft ? Can a demand draft be crossed ? Who can purchase such draft and from whom ? 3

डिमांड ड्राफ्ट के कौन-कौन पक्षकार होते हैं? क्या डिमांड ड्राफ्ट को रेखांकित किया जा सकता है? ऐसा ड्राफ्ट कौन खरीद सकता है और कहां से ?

7. What is Teller System ? Explain its advantages. 3
टेलर पद्धति क्या होती है? इसके लाभ बतलाइए।

8. Discuss the advantages of Double Lock System. 3
दोहरी ताला व्यवस्था के लाभ बतलाइए।

9. What is meant by the term 'margin' in banking business ? What is its significance? How is it determined ? 3
बैंकिंग व्यवसाय में 'मार्जिन' शब्द से क्या अभिप्राय होता है? इसका क्या महत्व है? इसे किस प्रकार निर्धारित किया जाता है?

10. What is a post-dated cheque ? How does it differ from a stale cheque ? Explain with an example. 2
उत्तर-दिनांकित चेक क्या होता है? गतावधि चेक से यह किस प्रकार भिन्न होता है? एक उदाहरण देकर समझाइए।

11. What is a token ? Why is it used in a bank ? What is inscribed on it ? 2
टोकन क्या होता है? बैंक में इसे क्यों प्रयोग किया जाता है? इस पर क्या अंकित होता है?

12. What is a Delivery Order ? For what purpose is it used in a bank ? 2
सुपुर्दगी आदेश क्या होता है? बैंक में इसे किस प्रयोजन से प्रयोग किया जाता है?

13. Why is a Pay-in-slip used in a bank ? What details are required to be given in it at the time of depositing a cheque in a bank ? 2
बैंक में पे-इन-स्लिप क्यों प्रयोग की जाती है? बैंक में एक चेक जमा करते समय इसमें क्या ब्यौरा देना आवश्यक होता है?

14. Explain four qualities of a good godown. 2
एक अच्छे गोदाम की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

15. Mention any two statements that the branches of a bank send to their head office periodically. 2
बैंक की शाखाओं द्वारा अपने प्रधान कार्यालय को समय-समय पर भेजे जाने वाले किन्हीं दो विवरण-पत्रों का उल्लेख कीजिए।

16. Explain the procedure that you would follow for sending money through telegraphic transfer. 2
तार अंतरण द्वारा धन को भेजने के लिए आप जो प्रक्रिया अपनाएंगे, उसका वर्णन कीजिए।

17. What do you understand by double checking in a bank ? Why is it undertaken ? Give an example of such checking. 2
बैंक में देहरी जांच से आप क्या समझते हैं? इसे क्यों किया जाता है? ऐसी जांच का एक उदाहरण दीजिए।

18. By whom are the currency notes issued in India ? What is the highest denomination of the currency notes issued in India at present ? 2
भारत में करेन्सी नोट किसके द्वारा जारी किए जाते हैं? भारत में इस समय जारी करेन्सी नोटों में अधिकतम राशि का नोट कौन सा है ?